# विधि-विधान से ब्राह्मणों ने मनाया भगवान का विवाह महोत्सव







**नवभारत,दमोह.शहर के सुप्रसिद्ध हृदय स्थल घंटाघर श्री देव जानकी रमन बंदाबहू मंदिर दमोह में श्री राम विवाह पंचमी के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई व मंगलवार रात्रि कालीन समय में भगवान का पूर्ण विधि-विधान के द्वारा ब्राह्मणों के द्वारा भगवान का विवाह महोत्सव मनाया गया. पंडित रामेश्वर शर्मा व सीताराम सोनी ने बताया कि जिसमें अनेक ब्राह्मण के साथ सैकड़ो की तादाद में श्रद्धालु भक्त उपस्थित हुए.इस कार्यक्रम में भगवान की भव्य बारात शहर के प्रमुख मार्गो से निकाली गई.**

जिसमें श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न जी व राधा कृष्ण के स्वरूप विराजमान हुए उनका श्रृंगार सीताराम सोनी के द्वारा किया गया. साथ ही विवाह में मंदिर पुजारी रामेश्वर शर्मा, मनोज चंदपुरिया, श्री उपाध्याय, सुदर्शन पाठक के साथ अनेक ब्राह्मण के द्वारा विवाह की सारी रस्में कराई गई. बारात में तहसीलदार रॉबिन जैन, मनोज प्यासी, के साथ डीजे, रोड लाइट, बग्गी, दिवारी गाने वाली मंडलियां आदि के साथ हजारों की तादाद में बारात में श्रद्धालु भक्त चल रहे थे.

## हनुमानगढ़ में भी श्री राम विवाह के साथ कलेवा का आयोजन



हृदयस्थल घंटाघर के समीप श्री हनुमानगढ़ी मंदिर में भी श्री सीताराम जी विवाह महोत्सव बड़े धूमधाम और विधि-विधान पूजन अर्चन के साथ संपन्न हुआ. पंडित चंद्रकांत पौराणिक के अलावा और भी पंडितों की विशेष उपस्थिति में भगवान का पूजन अर्चन के उपरांत पांव पखारने के अलावा और भी रश्मों के साथ विवाह संपन्न हुआ. पंडित गोविंद दुबे ने बताया कि भगवान श्री राम जी की भव्य बारात पाणिग्रहण संस्कार के अलावा 26 नवंबर को राम कलेवा का भी आयोजन किया गया. इसके साथ ही श्री राम विवाह कथा पंडित श्री नीलमणि जी दीक्षित के द्वारा कराई गई.

## श्री शिव हनुमान मन्दिर जेल लाइन में श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया

श्री शिव हनुमान मन्दिर जेल लाइन दमोह में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी श्री सीताराम विवाह महोत्सव का आयोजन किया गया .बड़े ही विधि विधान व धूमधाम के साथ संपन्न हुआ. मन्दिर पुजारी आचार्य संजय गौतम ने बताया कि श्री रामचरित मानस व अन्य ग्रथों के अनुसार मार्गशीर्ष अगहन शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को ही भगवान श्री राम जी ने धनुष तोड़ा था और सीता के साथ स्वयंबर रचा था. उसी के अनुसार हम सभी सनातनी प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष अगहन शुक्ल पंचमी को श्री सीताराम विवाह महोत्सव मनाते हैं. मन्दिर में रात्रि 08 बजे से भजन संध्या व वैवाहिक मंगलगीतों का गायन पूज्य दिव्या देवी जी की मधुर वाणी के साथ विवाह महोत्सव प्रारम्भ हुआ .श्री सीताराम विवाह के मुख्य यजमान मन्दिर अध्यक्ष कमलेश भारद्वाज ने प्रधान यजमान के रूप में भगवान का पूजन किया और भगवान श्रीराम और जानकी जी के चरणों को पखार कर के अपने जीवन को धन्य बनाया. इसी बीच सभी माताओं बहनों ने व भक्तों ने भी चरण पखार करके कृपा प्राप्त की. श्री शिव हनुमान मंदिर समिति व समस्त भक्तों की उपस्थिति रही.

## मडियादो में जननायक महोत्सव का शुभारंभ



नवभारत,मडियादो/दमोह। भारत के सांस्कृतिक विरासत को समझने और उसकी जड़ों की अनुभूति के लिए जनजातीय आख्यान एक प्रेरक माध्यम की तरह हैं, जो गोंड जनजातीय आख्यानों जिनसे गोंड समुदाय की जीवन परंपरा को देखा और समझा जा सकता है। उनकी प्रस्तुतियां हम उनके चरित नायकों राजा पेमल शाह, हीराखान सिंह में देख सकेंगे। इन आख्यानों की यह खूबसूरती है कि इनमें जहां जातीय शौर्य के उदाहरण हैं, वही तंत्र-मंत्र और संबंधों की रक्षा के लिए अपने जीवन का उत्सर्ग भी है। यह सिर्फ कहानियां भर नहीं है। जननायक समारोह का यह स्वरूप तीन नृत्य-नाटक प्रस्तुतियों से बुना गया है, जिनमें दो प्रस्तुतियां आख्यान परक है व एक प्रस्तुति ऐति हासिक तथ्यों पर आधारित है। इन प्रस्तुतियों को इस तरह से परिकल्पित करने के पीछे गोंड जनजातीय की सांस्कृतिक, शौर्य परक, आध्यात्मिक निरंतर को भी इन प्रस्तुतियों में बताना लक्षित किया गया है। इसी उद्देश्य से मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन के सहयोग से गोंड साम्राज्य के 52 गढ़ों में से पहले चरण में 30 गढ़ों में प्रस्तुतियों का तीन दिवसीय समारोह जननायक आयोजित किया जा रहा है। विभाग की ओर से प्रस्तुतियों का निर्देशन व पुनर्संयोजन रामचंद्र सिंह, नवीन सिंह श्याम, आशीष पटेल द्वारा कराया गया है।

### आज की प्रस्तुति राजा पेमल शाह

राजा पेमलशाह गोंड राजाओं में प्रतापी राजा थे, क्योंकि ब्रह्मा ने स्वयं उनका अवतरण किया था। ब्रह्मा ने संसार की रचना की और उन्होंने संसार को चलाने और उसका भरण पोषण करने के लिए ब्राह्मणों को बुलाया।



# बोर्ड परीक्षा केंद्र का किया अवलोकन

**शिक्षा विभाग की टीम ने स्कूल प्राचार्य से की चर्चा**

**कुम्हारी नवभारत 26 नवंबर।** माध्यमिक शिक्षा विभाग मंडल के निर्देशों के तहत वार्षिक परीक्षा की तैयारी को लेकर शिक्षा विभाग की टीम द्वारा बोर्ड परीक्षा केंद्र का अवलोकन किया जा रहा है।

जिले में बोर्ड परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं के लिए बैठक व्यवस्था सुचारू हो, इसी को लेकर टीम द्वारा बोर्ड परीक्षा केन्द्रों का अवलोकन किया जा रहा है। इस दौरान प्राचार्य से चर्चा कर जो भी कमियां हैं उसकी जानकारी एकत्रित की जा रही है। परीक्षा पूर्ण रूप से शांति व्यवस्था के साथ संपन्न हो, छात्र-छात्राओं को ेर्ड परीक्षा में कोई असुविधा नहीं हो इस पर विशेष ध्यान रखा जा रहा। अवलोकन के दौरान टीम के सदस्य लाल पटेल, राजकुमार नामदेव, सराज उपस्थित रहे।

# दिवारी नृत्य से होता हैं मेले का आगाज





**150 वर्ष से मां चंडी की प्रतिमा बनाने की हैं परंपरा, एक दिन पूर्व बनती है प्रतिमा**

**कुम्हारी नवभारत 26 नवंबर।** चंडी मेले का 150 वर्ष का इतिहास मां चंडी की स्थापना के साथ जुड़ा हुआ है। मेले में मां चंडी की प्रतिमा का चक्रवर्ती समाज द्वारा निर्माण कराया जाता है। जीवंत प्रतिमा एक दिन पूर्व बनती है। दूसरे दिन विधि विधान से पूजन होता है और उसके उपरांत चंडी मेले का आयोजन होता है।

हिंडोरिया के सोनी प्रतिमा स्थापित करने और छोटी मढ़िया बनाने में सहयोग दे रहे है। भूतपूर्व समाजसेवी अनरथ सिंह ठाकुर का इसमें योगदान है। यादव समुदाय द्वारा दिवारी नृत्य की परंपरा का निर्वहन 1938 से लगातार किया जा रहा है। तब से अब तक चंपा छठ को यह आयोजन शुरू होता है।


**दूसरे दिन होता है प्रतिमा का विसर्जन**

प्रतिमा का विधि विधान पूजन होने के उपरांत दूसरे दिन विसर्जन होता है। चक्रवर्ती समाज के लोग इसमें सहयोग करते हैं। चंडी मेले के आयोजन के बाद सभी अन्य मेलों की शुरुआत भी मानी जाती है। मेले के बाद ग्रामीण अंचलों में शादी विवाह हेतु दहेज खरीदने की परंपरा है। ग्रामीण अंचलों से दिवारी नृत्य की टोलियां आती हैं और खूब आनंद उत्साह के साथ नृत्य किया जाता है।

### मेले की शोभा बढ़ाता हैं अजमेरी झूला

मेले में राजस्थान के अजमेरी झूले, मिकी माउस, चकरी मेले की शोभा बढ़ाते हैं। बर्तनों की दुकान, सोने चांदी की दुकाने, मनहारी की दुकाने, क्षेत्र से जुड़े हुए गांव कुलुवा, कालाकोट, मझौली, करौंदी, देवरी रतन,मझगुवा हंसराज बक्सरी, खमरिया, रसुईया, मोहास आदि गावों के व्यापारी लगाते हैं। दिवारी नृत्य आयोजन में बखत यादव, कमलेश यादव, बाबा यादव, पन्नू बाजारी, मंगल यादव, गोविन्द यादव, हाकम यादव आदि की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## एक नजर में



### 10 मरीजों का किया गया मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**नवभारत,पथरिया 26 नवंबर।** माह के प्रत्येक चौथे सोमवार को नेत्र परीक्षण व मोतियाबिंद ऑपरेशन का शिविर देवश्री संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के तत्वाधान में आयोजित किया जाता है। सोमवार को 56 मरीजो का नेत्र परीक्षण हुआ एवं मंगलवार को जबलपुर में 10 मरीजों का डॉ. पवन स्थापक, डॉ. अमित देशपांडे द्वारा सफल ऑपरेशन किया गया। शिविर का संचालन डॉ. राजू भार्गव एवं सहयोगी बृजेश तिवारी, नेत्र परीक्षण प्रेमसिंह राजपूत नेत्र सहायक और रितिक ठाकुर ने किया।



### जिला चिकित्सालय में महामाया रक्तदान व जन कल्याण समिति ने किया पौधरोपण

नवभारत,दमोह। महामाया रक्तदान व जन कल्याण समिति के सदस्य बुधवार को जिला चिकित्सालय दमोह पहुँचे, उन्होंने परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसी संदेश के साथ सदस्यों ने जिला अस्पताल में मौजूद लोगों तथा शहरवासियों से अपील की कि वे आगे आएँ और अधिक से अधिक वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ.प्रहलाद पटेल, पूर्व सीएमएचओ डॉ. मुकेश जैन, आरएमओ डॉ.चक्रेश चौधरी, अध्यक्ष अखिलेश रजक, सचिव अभिषेक जैन, कोषाध्यक्ष आशीष रजक, बबीता चौबे, नसीमा बेगम, वीरेंद्र असाटी, उषा यादव, सुमन चढ़ार,नदीम सौदागर, सोहेल सौदागर, प्रीतम जाटव, अनुज अरोरा,सिकंदर खरारे आदि शामिल रहें।



### एफआईआर दर्ज करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा

नवभारत,दमोह। मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद के द्वारा पुलिस अधीक्षक दमोह के नाम जबलपुर के साथ-साथ पूरे मप्र में सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और दंगे भड़काऊ वालों के खिलाफएफआईआर दर्ज करने के संबंध में ज्ञापन सौंपने पहुंचे,जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल कार्रवाई की मांग की।

# संविधान दिवस पर बेलाताल ओपन थियेटर में विशेष कार्यक्रम

**संविधान सभा, सदस्यों की भूमिका में मौजूद रहे 299 छात्र-छात्राएं प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ जाना संविधान का महत्व**



नवभारत,दमोह। देश के संविधान दिवस पर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नेतृत्व में शहर के बेलाताल तालाब स्थित पार्क में बने ओपन थियेटर में एक विस्तृत व प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारतीय संविधान की मूल भावना, उसके निर्माण, उसकी संरचना एवं नागरिकों के अधिकारों-कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। संविधान सभा के सदस्यों की तरह जिले के विभिन्न स्कूलों से आए 299 छात्र-छात्राओं ने मंच पर एक साथ बैठकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया। यह दृश्य न केवल आकर्षक रहा बल्कि बच्चों में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ और सम्मान को भी दर्शाता रहा। कार्यक्रम के दौरान भारतीय संविधान के इतिहास, निर्माण प्रक्रिया, इसके निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के योगदान, संविधान के मूल ढांचे, उसके 22 भागों, 12 अनुसूचियों और 395 मूल अनुच्छेदों से संबंधित बताया.

### संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण

नवभारत,तेंदूखेड़ा/दमोह. नगर में डॉ .अंबेडकर प्रतिमा थाने के पास बुधवार को 76 वां संविधान दिवस पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। तहसील अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ तिलक राज ने बताया की 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाने की घोषणा भारत सरकार द्वारा 2015 में की गई थी। आयोजन के दौरान तिलक राज अध्यक्ष अहिरवार समाज संघ तहसील तेंदूखेड़ा, कंदीलाल माते तेंदूखेड़ा लोकराम, जगदीश अहिरवार, संतू,नोनेलाल, दशरथ, शंकर, दीनू, बसोरी, जीवन, उमाशंकर ,यश, दशरथ, रज्जू, मुकेश, भागीरथ, पंचू, सुनील, पप्पू, आनंदीलाल की उपस्थिति रही, रंजीत अहिरवार ने आभार व्यक्त किया।



### संविधान दिवस का आयोजन




नवभारत,दमोह. शासकीय कमला नेहरू महिला महाविद्यालय दमोह में 26 नवंबर 2025 को संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया.

# स्कूल परिसर में बाउंड्री वॉल की दरकार



**आवारा जानवरों के साथ बैठे रहते हैं श्वान**

**कुम्हारी नवभारत 26 नवंबर। संकुल कुम्हारी से जुड़ी शाला देवरी रतन के परिसर में बाउंड्री वॉल का निर्माण नहीं किया गया। कीचन सेट भी नहीं बना जिसके चलते स्कूल प्रबंधन ने उच्च अधिकारियों को जानकारी दी, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया।** बस स्टैंड के पास बना स्कूल का खुला वातावरण छात्रों को प्रतिकूल माहौल तो दे रहा है, यदि बाउंड्री वॉल बन जाये तो परिसर सुरक्षित हो सकता है। स्कूल परिसर में आवारा जानवर और श्वान बैठे नज़र आते हैं, जिससे विद्यार्थी भयभीत रहते हैं। बुधवार को छात्रों की उपस्थिति कम रही। छात्रों ने बताया कि मैन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन नहीं मिल रहा है। स्कूल में कक्षा पहली से पांचवी तक का संचालन किया जा रहा।

# बीएलओ की तबीयत बिगड़ी, जिला अस्पताल से जबलपुर रेफर



नवभारत,दमोह। लगातार बीएलओ/शिक्षकों की तबीयत बिगड़ने से इलाज के लिए दमोह जिला अस्पताल में लाया जा रहा है बता दें कि बुधवार शाम को एक और कांटी बीएलओ परशराम पटेल उम्र करीब 55 वर्ष को सीने में प्रॉब्लम होने से इलाज के लिए हटा अस्पताल से दमोह जिला अस्पताल लाया गया. जहां सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल,डॉ.मनीष पटेल और डॉ.बहादुर ने तत्कालीन उपचार कर आईसीयू में भर्ती कर हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफ्र किया है.

## मधुमक्खी के हमले से दो छात्रा गंभीर



नवभारत,दमोह.मधुमक्खी के हमले से दो बच्चियों को गंभीर हालत में बुधवार दोपहर इलाज के लिए तो दमोह जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार चंपत पिपरिया स्कूल में किसी के द्वारा पत्थर फेंक दिए जाने पर 8वीं की छात्रा खुशबू सेन और जानकी काछी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में इलाज जारी है.



## संविधान से छेडछाड़ कर रही आरएसएस और भाजपा- मानक पटेल

नवभारत,दमोह। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में संविधान बचाओ दिवस मनाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मानक पटेल ने कहा कि भाजपा चुनावी लाभ के लिये सामप्रदायिक ध्रुवीकरण करना यह भारत की मूल भावना, समानता, बंधुता और अखंडता के विरूध अपराध है पूर्व विधायक अजय टंडन, पूर्व नपाध्यक्ष मनु मिश्रा ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और राष्ट्रवाद के नाम पर विपक्ष को कमजोर करना और सवालो के जवावो से भागना भाजपा की नीति निपति बन गई है। प्रदीप पटेल, परम यादव, सुषमा विक्रम ठाकुर, वीरेन्द्र राजपूत, नितिन मिश्रा, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, पप्पू कसोटया, मंजीत यादव, भूपेन्द्र आजवानी, आशुतोष शर्मा, अफ्जल खान, अमर सींग, मिक्की चंदेल, दृगपाल सींग, मदन सुमन, प्रवेन्द्र चंद्रकार, शाहिद खान, अनिल जैन, खिल्लू ठाकुर, रियाज खान ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि विहार चुनाव में भाजपा 100 सीटो पर लड़ी और 90 सीटे जीत गई इसी तरह 13 प्रत्याशियो को तो समान मत मिले जो अविश्वसनीय है। अनुसूचित प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अजय जाटव द्वारा अम्बेडकर चौक पर बाबासाहेब की प्रतिमा पर समस्त कांग्रेसजनों ने पुष्पाहार किया। इस अवसर पर महिपाल सींग, जाबेद रोजान, ए.के. चिश्ती,कुलदीप अहिरवार, खुमान लोधी, देवकी नंदन लोधी, गजराज सींग, नरेश अहिरवार, राकेश राय, इनायत अली सहित अनेको कांग्रेसजनों की उपस्थिति रही।



## सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत विधानसभा स्तरीय वालीबॉल प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत,दमोह। सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विधानसभा स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन बड़े उत्साह और खिलाड़ियों की उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक जयंत मलैया, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गौरव पटेल एवं युवा नेता लोकेंद्र पटेल द्वारा किया गया। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, खेल प्रेमी तथा बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक ऊर्जावान बना दिया। पूर्व वित्तमंत्री व दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर के सांसद अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इसी क्रम में दमोह में वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की गई है। ऐसी खेल गतिविधियां निरंतर जारी रहेंगी, जिससे युवाओं में खेल भावना और फिटनेस को बढ़ावा मिलेगा। भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम शिवहरे ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए खेलो इंडियादृफिट इंडिया संदेश को सार्थक करने के लिए सांसदों द्वारा विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ आयोजित की जा रही हैं।